**समाचार**

**जनसेवा व समस्याओं के निराकरण से मिलता है आत्मीय संतोष-महापौर**

**(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 45 में किया नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच को जनसेवा में समर्पित )**

कोरबा 01 अक्टूबर 2015 -महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा कि जनता जनार्दन की सेवा तथा उनकी समस्याओं के निराकरण से आत्मीय संतोष प्राप्त होता है एवं सुखद अनुभूति मिलती है। उन्होने कहा कि मेरा सदैव प्रयास रहता है कि जनसमस्याओं का निराकरण सर्वप्राथमिकता से किया जाए ताकि छोटी-छोटी समस्याओं के लिए आम लोगों को भटकना न पड़े।

उक्ताश के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल ने वार्ड क्र. 45 रामनगर में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दर्री जोनांतर्गत वार्ड क्र. 45 रामनगर में 14 लाख 35 हजार रूपये की लागत से सांस्कृतिक मंच का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर महापौर ने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण एवं फीता काटकर उक्त सांस्कृतिक मंच को जनता की सेवा में समर्पित किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि इस बस्ती में विभिन्न सांस्कृतिक व सामाजिक आयोजनों हेतु सांस्कृतिक मंच की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जा रही थी, यहां पर एक सर्वसुविधायुक्त मंच का अभाव था, इस मंच के निर्माण होने से यह अभाव आज दूर हो गया है। उन्होने कहा कि अब बस्ती के नागरिकों को अपने सार्वजनिक आयोजनों के लिए स्थल की कमी महसूस नहीं होगी। उन्होने बस्तीवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं हमेशा आप सभी के सुख-दुख में साथ मंे हूं तथा आपकी जो भी विकास संबंधी समस्याएं व सार्वजनिक आवश्यकताएं होंगी, उन्हे पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर एवं कांग्रेस कमेटी महामंत्री श्री राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया तथा रामनगर बस्ती के नागरिकों को एक सर्वसुविधायुक्त सांस्कृतिक मंच उपलब्ध कराने के लिए महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुनील पटेल, पार्षद अघनबाई, समाज सेविका मंगल बुधिया, विधायक प्रतिनिधि रतन यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव अशीष अग्रवाल, महामंत्री राजेन्द्र सिंह ठाकुर, छतलाल राठौर, बनवारी आदित्य, शशि साहू, कांशीराम जायसवाल, आरती चन्द्रा, महारथी राठौर, गिरधारी वैष्णव, मनोज साहू, कन्हैया श्रीवास, मिथलेश साहू आदि के साथ काफी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।

विद्यालय भवन निर्माण का किया भूमिपूजन-महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 48 सेमीपाली बस्ती में ज्ञान सागर विद्यालय भवन के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी तथा विधिवत पूजन अर्चना तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर विद्यालय भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। इस मौके पर सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुनीत पटेल, पार्षद अंतराम प्रजापति, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, इतवार सिंह ठाकुर, रतन सिंह यादव, प्रभात सिंह कंवर, अशोक सिंह कंवर, रामरतन साहू, अशीष अग्रवाल, मनीराम साहू, रमेश दास महंत, शंकरदास महंत, बोधनदास महंत, भारत साहू, भरत सिंह कंवर, संतोष पटेल, बनवारी आदित्य आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण तथा विद्यालय प्रबंधन के पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकगण उपस्थित थे।